तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 11 नवंबर 2024

12 आंवला पेड़ की पूजा कर, उसके नीचे प्रसाद के रूप में ग्रहण ...



11 कर्म किसी को नहीं छोड़ता, चाहे वो वर्तमान काल का ...





## खबर संक्षेप

### लाटाबोड़ में जन समस्या निवारण शिविर आज

**बालोद।** जिले के बालोद विकासखंड के ग्राम लाटाबोड़ में 11 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल ने जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

### देवउठनी एकादशी कल पूजा के लिए शाम 6.30 से 8.42 तक शुभ मुहूर्त

**बालोद।** मंगलवार को देवउठनी एकादशी का पर्व है। इस दिन तुलसी विवाह पूजन पूरे विधि विधान के साथ किया जाएगा। तुलसी पूजन के लिए शाम 6:30 बजे से रात 8:42 बजे तक का शुभ मुहूर्त है। तुलसी विवाह पूजन में गन्ने का विशेष महत्व रहता है। इस बार गन्ने की कीमत 50 रुपए से लेकर 200 रुपए जोड़ी तक बिकने की संभावना जताई जा रही है। तुलसी विवाह पर्व के कारण बाजार गुलजार हो रहा है। मान्यताओं से तुलसी विवाह के दिन से मांगलिक कार्यक्रम भी शुरू होंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु योग निद्रा से जागेंगे। तुलसी विवाह की तैयारी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रें में भी जोरदार तैयारी की जा रही है।

### शिवनाथ में कूदकर दी युवक ने जान

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में कूदकर युवक ने जान दी है। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुची। तीन गंटे की मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के मुताबिक युवक ने ग्राम पीपरछेड़ी शिवनाथ नदी ब्रिज के ऊपर से कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई। शव का शिनाख्त खुर्सीपार निवासी अमित कुमार के नाम से हुआ। सूचना मिलने पर टीम में डीप डाइविंग जवान दिनेश चंद्राकर, चंद्रप्रकाश, थानेश्वर धनीराम यादव, इंद्रपाल यादव, आशीष सिन्हा, महेश गंधर्व,सूरज भांडेकर,हबीब खान शामिल थे।

### अधिवक्ता के साथ धोखाधड़ी, जुर्म

**भिलाई।** अधिवक्ता के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।धमधा पुलिस ने बताया वार्ड 10 बनिया पारा धमधा निवासी अधिवक्ता अंकित दानी 3 जून को रेपिड मशीन मैनुफैक्चरिंग सूरत गुजरात की कंपनी से गेन्ट्री क्रेन पांच टन वाला खरीदने का सौदा किया। जिसकी कीमत 7 लाख 59 हजार रुपए बताई गई। पीड़ित ने क्रय कर राशि पहले एक लाख रूपये सूरज गुजरात निवासी प्रोपराइटर राजू गोहिल के खाता में ट्रांसफर किया। राशि को राजू गोहिल ने अपने कोटेशन में जमा करना बताया। 7 जून को राजू गोहिल ने गेन्ट्री ट्रेक और उसका ट्रैक कंपलीट होना बताने और शेष रकम 6 लाख 59 हजार रूपये मांगने लगा। पीड़ित बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा धमधा से आरटीजीएस के माध्यम से राजू गोहिल के खाता दोबारा उक्त रकम ट्रांसफर किया। पीड़ित ने राजू गोहिल को 7 लाख 59 हजार रुपए किया। लेकिन रुपए ट्रांसफर करने के बाद भी क्रेन नहीं आया।

### हत्या की साजिश रचने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** हत्या की साजिश रचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जेल भेज दिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि दो दिन पूर्व एसपी जितेंद्र शुक्ला के पास एक वीडियो पहुंचा था। जिसमें आरोपी सुयश अस्पताल के पीछे बीएसपी कॉलोनी थाना सरस्वती नगर जिला रायपुर निवासी मनीष दास मानिकपुरी, शिव वाटिका फेस 1 कोपेडीह अमलेश्वर दुर्ग संदीप शर्मा, चंद्रमा चौक खुर्सीपार बॉबी सिंह और एक युवक अन्य इंस्टाग्राम पर हत्या की साजिश रचने की लाइव बात कर रहे थे।

# अंचल में गिरा तापमान, होने लगा ठंड का अहसास, गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

क्षेत्र में ठंड का एहसास अब गहराने लगा है और इसके साथ ही दल्लीराजहरा में ऊनी कपड़ों की मांग बढ़ गई है। इसी वजह से दल्लीराजहरा के बाजारों में ऊनी कपड़ों की दुकानें सजने लगी हैं। लोग स्वेटर, शॉल, जैकेट और अन्य गर्म कपड़ों की खरीदारी शुरू कर दी है।

ठंडी हवा और गिरते तापमान के कारण लोगों ने सर्दियों की तैयारियों में तेजी ला दी है। दल्लीराजहरा के स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, इस साल ऊनी कपड़ों की बिक्री में अच्छी वृद्धि देखी जा रही है। दीपावली के बाद अब पारा गिरने लगा है और हल्की ठंड बढ़ने लगी है। इस बार दीपावली के बाद से ठंड का अहसास होने लगा और लगातार पारा गिरने लगा है। पिछले कुछ दिनों से रात्रि में ठंडकता महसूस होने लगी है। वैसे लोगों ने शॉल व स्वेटर निकालना प्रारंभ कर दिया है। दल्लीराजहरा बाजार में भी अब गरम कपड़ों की मांग शुरु हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम में और परिवर्तन होगा। कुछ दिन बाद तापमान बढ़ेगा, जिसके बाद फिर तापमान में गिरावट आएगी।

**लोगों ने शुरू की ठंड से बचाव की तैयारी**




### नवंबर के दूसरे हफ्ते में दिखेगा ठंड का असर

मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान में दक्षिणी-पश्चिमी नम हवाओं का प्रभाव अधिक तो उत्तर-पूर्व से आने वाली हवाओं की गति कम हो गई है। इसके कारण प्रदेश में बादलों की आवाजाही के साथ मौसम शुष्क हो गया है। इसके असर से अगले हफ्ते से रात के तापमान में कमी आने की संभावना है।

## ग्राम पंचायत लिमोरा उपस्वास्थ्य केंद्र में नजर आ रही बड़ी लापरवाही

# मरीजों का इलाज करने वाला स्वास्थ्य विभाग खुद बीमार, जर्जर भवन के कारण बढ़ा खतरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम लिमोरा में स्थित स्वास्थ्य विभाग का भवन जर्जर हो गया है। ऐसी स्थिति में यह अब खतरा बनकर मंडराने लगा है। वहीं, और कोई सुविधायुक्त पर्याप्त भवन की नहीं होने के कारण मरीजों का इलाज जर्जर भवन में जारी है, जो कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। ग्राम लिमोरा में स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन लगभग 25 वर्षों पहले बनाया गया था। लेकिन, यह भवन अब पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। जगह-जगह से इसका प्लास्टर गिरने लगा है। वहीं, दीवारों में जगह-जगह दरारें आ गई हैं। इसके बावजूद अन्य भवन नहीं होने के कारण मरीजों का इलाज इसी जर्जर भवन में किया जा रहा है। जबकि इस उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव, टीकाकरण जैसे अनेक स्वास्थ्य सम्बंधित कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन नवीन भवन बनाने के लिए प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण एक ओर जहां लोगों पर खतरा मंडरा रहा है, लेकिन उसके बाद भी किसी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आने पर लोगों को इलाज के लिए यहीं आना पड़ता है। वहीं, अनहोनी की आशंकाओं के बीच यहां का स्वास्थ्य अमला भी अन्य कोई विकल्प नहीं होने के कारण इसी जर्जर भवन में मरीजों का इलाज करने के लिए मजबूर हैं।

### दो साल में तीन बार सौंप चुके हैं आवेदन

ग्राम पंचायत लिमोरा के सरपंच मनीष गाँधी ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र भवन को डिसमेंटल कर नव निर्माण की माँग को लेकर प्रशासन को बीते दो वर्षों में तीन बार आवेदन सौंपा गया है। वहीं, इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने हॉस्पिटल भवन का निरीक्षण भी कर लिया है। इसके बावजूद नवीन हॉस्पिटल भवन के निर्माण की दिशा में जिम्मेदारों की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमेशा अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

## जहर सेवन कर आत्महत्या की कोशिश, एक युवक व नाबालिग लड़की अस्पताल में भर्ती




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ बीते 20 दिनों में जिले में जहर सेवन के 20 से ज्यादा मामले आए

जिले में आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाने का मामला लगातार सामने आ रहा है। रविवार को जिला अस्पताल में जहर सेवन कर आत्महत्या करने की कोशिश के दो अलग-अलग मामलों में एक युवक तथा एक नाबालिग लड़की को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। हालांकि दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है, लेकिन आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाने के पीछे का कारण सामान्य बताया जा रहा है।

लेकिन, एक बड़ा सवालिया निशान खड़े होता है कि जब कारण सामान्य है, तो सामान्य कारण से इतना बड़ा कदम आखिर क्यों उठाया जा रहा है। बीते 20 दिनों में 20 से अधिक जहर सेवन करने का मामला जिले भर से सामने आया है। पूर्व में ग्राम कुरदी में हुई एक दुखद घटना में माँ और दो बच्चों के जहर पीने के बाद माँ और बेटे की मौत का मामला अभी शांत नहीं हुआ है और दूसरी ओर लगातार छोटे-छोटे सामान्य कारणों से युवा वर्ग आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाने लगे हैं। रविवार को ग्राम खल्लारी निवासी केंद्रबिंदु चंद्राकर 27 वर्ष शराब पीने के बाद जहर सेवन कर लिया। गांव के बाहर पड़ा होने पर लोगों ने उसे शराब के नशे में होगा सोचा, लेकिन जब मुंह से दवाई की दुर्गंध आने लगी, तो पता चला कि उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। वहीं, 16 साल की एक नाबालिग लड़की ने भी कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके पीछे पेट में दर्द के कारण परेशान होना बताया जा रहा है। हालांकि दोनों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है और खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

# अंचल में शराब की अवैध बिक्री जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

■ विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से कोचियों के हौसले बुलंद

बीते कुछ महीनों से शराब कोचिए बहुत ज्यादा सक्रिय हो गए हैं। अलसुबह से देर रात पुलिस की नाक के नीचे शराब की अवैध ब्रिकी कर हैं, जिससे गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है।

ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब कोचिए सक्रिय हो गए हैं। वहीं उन पर कार्रवाई नहीं होने से लगता है कि क्षेत्र के आबकारी विभाग के अधिकारियों ने भी उन्हें जैसे मौन स्वीकृति दे दी है। शराब की अवैध बिक्री जोरों पर होने के कारण शराबियों का मजमा लगा रहता है, इसके कारण आसपास का माहौल खराब होता जा रहा है। वहीं, प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल से सड़क किनारे बनी नाली पटती जा रही है। हालांकि अर्जुन्दा पुलिस ने पूर्व में कई कोचियों को पकड़कर जेल भेजा था, लेकिन जिले के आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी तमाशबीन बने हैं। ग्राम देवरी द पुराना पारा में पान ठेला में देर शाम होते ही बड़बोले शराबियों अपशब्दों का उपयोग करने से महिलाओं का चौक से गुजरना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्र के युवा नशे की गर्त में जा रहे हैं। जिन स्कूली बच्चों के हाथों में कलम किताब होनी चाहिए, वे चंद पैसों की खातिर शराब की खाली शीशी बीनते दिखते है।


### राजनांदगांव से बड़ी मात्रा में लाते हैं शराब

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस थाना अर्जुन्दा से 13 किमी दूर होने व जिले का आखिरी गांव होने के कारण शराब कोचियों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों के अनुसार राजनादगांव जिले के नजदीक होना, शराब तस्करों के लिए वरदान साबित हो रहा है। गौरतलब हो कि अर्जुन्दा पुलिस से बचने शराबी समीप के जिले राजनांदगांव के सोमनी, टेडेसरा, अंजोरा भठ्ठी से बड़ी मात्रा में मोटर साइकिल से शराब लाकर ज्यादा कीमत पर बेच रहे हैं। ग्राम सरपंच नेमबई साहू ने बताया कि अर्जुन्दा थाना में पिछले वर्ष नामजद शिकायत भी की गई, लेकिन अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं, देवरी द में शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए गांव में अवैध शराब बेचने पर प्रतिबंध है, लेकिन पुराना पारा देवरी द में शराब कोचिये के हौसले बुलंद हैं। देवरी द के पूर्व सरपंच व वरिष्ठ ग्रामीण गविन्द्रनाथ साहू ने कहा कि शराब कोचिये पर समय रहते कड़ी कार्रवाई हो। गौर हो कि मोंहदीपाठ, खुरसुनी, देवसरा मिल के पास में भी देर शाम होते ही व रविवार मोंहदी बाजार चौक पर भी खुलेआम अवैध शराब बिकती है। क्षेत्र के एगरोल दुकान के ईद गिर्द आखिर किसके इशारे पर बिकती है। गौर हो कि अर्जुन्दा पुलिस पूर्व कई कार्रवाई कर चुकी है। वहीं थाना प्रभारी अर्जुन्दा प्रदीप कंवर ने बताया कि अर्जुन्दा पुलिस कार्रवाई कर क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही है।

### किसानों को इमरजेंसी में मिलेगी एटीएम से दस हजार रुपए की राशि

**दुर्ग।** धान बेचने के बाद बैंको में लगने वाले भीड को कम करने के लिए राज्य शासन द्वारा इस बार केन्द्रों में ही माइक्रो एटीएम की सुविधा दी जाएगी। जिसके तहत किसानों को इमरजेंसी में दस हजार रूपए तक नगद राशि दी जाएगी। जिसे उनके खाते से बाद में कांट लिया जाएगा। इसकी तैयारी जिले में शुरू कर दी गई हैं। अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने शनिवार को पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान विभिन्न बिन्दुओं में तैयारियों की जानकारी ली। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि, छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए पूरे धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाए। केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए शिकायत पेटी तथा हेल्प लाईन नं. भी चस्पा करना सुनिश्चित करें। वास्तविक किसानों को धान बेचने के पश्चात भुगतान में समस्या न हो। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में अंतरण किया जायेगा।

# मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ रविवार को दिनभर छाए रहे बादल

जिले के किसान मौसम में दिख रहे बदलाव के कारण परेशान नजर आ रहे हैं। हालांकि दीपावली के बाद मौसम खुलने के साथ ही ठंड का असर बढ़ने लगा था, लेकिन अब फिर मौसम ने करवट बदल ली है, जो किसानों के लिए नुकसान दायक साबित हो सकता है। आसमान में सुबह से ही हल्के काले बादल मंडराने लगे थे, जिसके कारण सुबह से ही धूप का असर बहुत ही कम था। वहीं दिनभर सूरज बादलों के पीछे छिपा रहा, जिसके कारण दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

अधिकांश किसानों की फसल खेतों में पड़ी है, जो खराब मौसम की चपेट में आने से बर्बाद हो सकती है। हालांकि अंचल में कहीं भी खराब मौसम के कारण बारिश का असर देखने को नहीं मिला। किसान हेमलाल साहू ने बताया कि दीपावली त्यौहार के बाद मौसम खुलने के कारण ठंड का असर बढ़ने के साथ ही किसान धान कटाई व मिजाई का कार्य किसान निश्चिंत होकर जुटे हुए थे, लेकिन अचानक मौसम के करवट बदलने से फिर किसान धान की फसलों को लेकर चिंतित है।

किसान पूरन गावड़े ने बताया कि आसमान में बादल छाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि अधिकांश किसानों कि फसल खेतों में पड़ी हुई है, जो मौसम बदलने से बर्बाद हो सकती है, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ सकता है।

## बच्चों के साथ युवाओं को भी कर रहे आकर्षित

# बाजार में पहुंचे खिलौनों की तरह दिखने वाले गुल्लक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ छोटी-छोटी बचत का अच्छा माध्यम है गुल्लक

आज की बचत कल की सुरक्षा, यह बात अक्सर बुजुर्ग कहा करते हैं। इसके लिए बच्चों को गुल्लक खरीदकर दिया जाता है, ताकि बच्चे उसमें छोटी-छोटी बचत कर पैसे जमा करें।

गुल्लक भर जाने पर उसे फोड़ने पर बड़ी राशि इकट्ठी हो जाती है। यही गुल्लक अचानक कोई बड़ा काम पड़ने पर फोड़े जाने से इससे मिने वाली रकम हमारी बहुत बड़ी समस्या के समाधान में काफी राहत देती है। दल्लीराजहरा के बाजारों में इन दिनों मिट्टी के खिलौने नुमा गुल्लक की मांग बढ़ रही है। ये आकर्षक गुल्लक न केवल बच्चों के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं, बल्कि वयस्कों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। ये गुल्लक न केवल पारंपरिक रूप से बच्चों में बचत की आदत को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उन्हें पैसे का महत्व समझने का भी एक आसान और आनंददायक तरीका होता है। इन दिनों मिट्टी के गुल्लक को अक्सर विभिन्न आकृतियों में तैयार किया जा रहा है, जो बच्चों को आकर्षित करते हैं।



### बच्चों को उपहार में दे सकते हैं आकर्षक गुल्लक

दल्लीराजहरा के साप्ताहिक रविवार बाजार में इन दोनों मिट्टी के खिलौनेनुमा गुल्लक की मांग बढ़ गई है। मिट्टी के गुल्लक पर्यावरण के अनुकूल होते हैं, क्योंकि ये प्राकृतिक रूप से मिट्टी से बनाए जाते हैं और आसानी से नष्ट हो सकते हैं। जब बच्चे गुल्लक को तोड़ते हैं, तो वे अपनी बचत को एक साथ देखकर खुशी महसूस करते हैं, जिससे उन्हें बचत का सकारात्मक अनुभव मिलता है।

यह अनुभव उन्हें भविष्य में भी बचत करने की प्रेरणा देता है। ये किफायती होते हैं और एक सुंदर उपहार के रूप में भी बच्चों को दिए जा सकते हैं, ताकि वे इन्हें खिलौनों के रूप में पाकर प्रसन्न हों और छोटी-छोटी बचत के लिए प्रोत्साहित भी हों। इससे फिजूलखर्ची रोकने की भी प्रेरणा मिलेगी।

### मैत्रीबाग में नए मेहमान, पर्यटकों के आकर्षण केंद्र बने मगरमच्छ

**भिलाई।** मैत्रीबाग चिड़ियाघर में लंबे समय के बाद छह नए मेहमान आए हैं। अपने कैज में दो क्रोकोडायल सहित चार बार्किंग डियर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुए हैं। इनके अलावा एक अन्य मादा मगरमच्छ को भी जनवरी महीने में यहां लाया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग के मैत्रीबाग में प्रबंधन के प्रयास से वन्यप्राणी विनिमय के अंतर्गत, सेंट्रल जू ऑथारिटी द्वारा दो मगरमच्छ और चार बार्किंग डियर लाने की अनुमति प्राप्त हुई थी। इसके तहत मैत्री बाग जू में एक नर मगरमच्छ औरदो नर और दो मादा बार्किंग डियर लाया गया। इन्हें केज में छोड़ा गया है ।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### मनोज बने छग लेखा सेवा संवर्ग संघ के प्रांताध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग संघ के प्रांताध्यक्ष के चयन के लिए संगठन के चुनाव अधिकारी पुष्पेंद्र चंद्रा द्वारा गुरुवार को रायपुर में चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें संगठन के निर्वाचन के बाद मनोज वैष्णव को छत्तीसगढ़ लेखा सेवा संवर्ग संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। प्रांताध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। श्री वैष्णव वर्तमान में ऑडिट सेल, संचालनालय कोष एवं लेखा, इंद्रावती भवन नवा रायपुर में पदस्थ हैं और 2017 बैच के हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश से अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारियों द्वारा निर्वाचन के माध्यम से उन्हें चुना गया। श्री वैष्णव ने संगठन के निर्वाचन में पधारे समस्त संवर्ग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### स्कूटी-ई-रिक्शा को आग लगाने वाला गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने स्कूटी एवं ई-रिक्शा को आग लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 7 नवंबर की रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थिया सावित्री रगड़े ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी बाबूलाल पाटले निवासी जोरापारा ने उसके घर के पास आकर उसकी बेटी से झगड़ा करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह चला गया, लेकिन रात को वह वापस आकर उसके घर के सामने खड़ी स्कूटी और ई-रिक्शा को आग लगा दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बटनदार चाकू बरामद किया तथा उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### बसंती को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने बसंती सेनापति को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय नासिरा शर्मा के उपन्यासों में अभिव्यक्त समसामयिक समस्याएं रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य शासकीय पीपी कॉलेज कुरुद के पर्यवेक्षक डॉ. प्रभात रंजन के मार्गदर्शन में पूरा किया।

### जनजातीय गौरव दिवस मनाने की तैयारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही हैं। साइंस कॉलेज मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के दौरान 14 एवं 15 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक जनजातीय गौरव पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें विषय विशेषज्ञ सहित कई राज्यों के आदिवासी कलाकार, आदिवासी कला संस्कृति के मर्मज्ञ शामिल होंगे। दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से आदिवासी नर्तक दलों एवं कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। अब तक 18 राज्यों के 22 आदिवासी नर्तक दलों ने इस दो दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी है।

# बस से जल्दी लोकल ट्रेन 37 मिनट में पहुंचेगी नया रायपुर, अभनपुर में लगेगा एक घंटा 10 मिनट का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर से अभनपुर के बीच लोकल मेमू ट्रेन चलाने की तैयारी रेलवे ने लगभग पूरी कर ली है। रेलवे ने दो मेमू ट्रेन की समय सारणी भी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक रायपुर से अभनपुर का सफर ट्रेन में एक घंटा 10 मिनट का होगा। वहीं सीबीडी स्टेशन यानी नया रायपुर पहुंचने में केवल 37 मिनट लगेगा। शहर से सिटी बस के जरिए नया रायपुर पहुंचने में 40 मिनट से अधिक का समय लग जाता है। ट्रेन से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेगा।

बता दें कि राज्योत्सव में ट्रेन का परिचालन शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन जब रेलवे की टीम सीबीडी स्टेशन जांच करने पहुंची, तो उन्हें कुछ कमियां नजर आई। अब इसे सुधारने के लिए रेलवे ने एनआरडीए को कहा है। सीबीडी स्टेशन एनआरडीए ने बनाया है। यात्री सुविधा से जुड़ी तकनीकी दिक्कतें दूर होने के बाद इस महीने रेलवे परिचालन शुरू कर सकता है।

## रायपुर से अभनपुर लोकल मेमू ट्रेन की रेलवे ने जारी की समय सारणी

### आठ बोगी की चलेगी दो मेमू ट्रेन

समय सारणी के अनुसार ट्रेन रायपुर से सुबह 9:00 बजे रवाना होकर 9:37 मिनट पर अभनपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ बोगी होगी। ट्रेन रायपुर से छूटकर मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी स्टेशन नया रायपुर, केंद्री स्टेशन में ठहरने के बाद अभनपुर पहुंचेगी। इसके अलावा अभनपुर से रायपुर के लिए दिन की पहली ट्रेन सुबह 10:20 बजे मिलेगी, जो रायपुर 11:45 को पहुंच जाएगी। इसके बाद रायपुर से अभनपुर के लिए दूसरी ट्रेन 16:20 को रहेगी। वहीं अभनपुर से अंतिम ट्रेन रायपुर के लिए 18:10 को मिलेगी। बीच के स्टेशनों में 3 से 2 मिनट का ही स्टॉपेज रेलवे ने दिया है।



### स्टेशनों में भव्य स्वागत की तैयारी

8 साल के लंबे इंतजार के बाद रायपुर से अभनपुर के बीच फिर ट्रेन चलेगी। इन ट्रेनों का स्टेशनों में भव्य स्वागत किया जाएगा। रेलवे इसकी तैयारी कर रहा है। यात्रियों को भी ट्रेन में सफर करने का इंतजार है। बता दें कि अटल नगर, उद्योग नगर और मुक्तांगन स्टेशन का काम अभी अधूरा है। इन तीनों स्टेशनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही इस रूट पर ट्रेन रुकने लगेगी। समय सारणी में इन स्टेशनों का समय निर्धारित हो गया है। फिलहाल यहां ट्रेन नहीं रुकेगी।

## जिला जेल परिसर में जैन संत ऋषभ सागर जी ने दिया व्याख्यान

# कर्म किसी को नहीं छोड़ता, चाहे वो वर्तमान काल का हो या भूतकाल का वो लौटेगा ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला जेल परिसर में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बालोद शहर में चातुर्मास के लिए पधारे परम ज्ञानी, गुरुभक्त, मृदुभाषी जैन संत ऋषभ सागर जी मसा ने कैदियों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम मंगल गायन इतनी शक्ति हमें देना दाता से आरंभ करते हुए कहा कि जीवन सभी जीते हैं, उतार-चढ़ाव, सुख-दुख, खट्टा-मीठा अनुभव, अच्छी-बुरी बातें ये सभी के जीवन में आती जाती रहती हैं।

■ कैदियों से कहा-पूर्व में जो हो गया उसका प्रायश्चित करें

जब हम ईश्वर के नियमों का ईमानदारी से पालन नहीं कर पाते या करना नहीं चाहते, तब ही ऐसी विषम परिस्थिति का सामना यहां रहकर व्यक्ति को करना पड़ता है। गलत परिणाम को भोगना पड़ता है, क्योंकि बुरे कर्म आज नहीं तो कल सभी को भोगना पड़ेगा,कर्मों का उदय निश्चित है।

प्रबल पुण्यवाणी के चलते एक व्यक्ति ठाठ-बाट की जिंदगी जीता है, वहीं जिनकी पुण्यवाणी कमजोर होती है, उसकी दशा विपरीत होती है। मान, माया, लोभ के चक्कर में हमसे कुछ गलत कार्य हो जाते हैं या कभी कभी किसी को फंसाया भी जाता है, ये सब कर्मों का खेल है। कर्म आधारित क्रिया ही आज इसका परिणाम है, क्योंकि कर्म किसी को नहीं छोड़ता, चाहे वो वर्तमान काल का हो या भूतकाल का वो लौटेगा, यह तय मानकर चलिए। जो गलत



कार्य आप लोग कर लिए, उसके लिए अब प्रायश्चित कीजिए कि अब हम भविष्य में ऐसा कोई गलत कार्य नहीं करेंगे कि हमें दोबारा इस तरफ आना पड़े।

आप यह तय मानिए कि भले व्यक्ति का कोई भी बुरा नहीं कर सकता। जैसा बांटोगे वैसा मिलेगा। किसी प्यासे को पानी पिलाओगे तो खुद कभी प्यासे नहीं रहोगे। कृष्ण भगवान को भी जेल में जन्म लेना पड़ा था, तब तो हम उनके सामने एक साधारण मानव ही है। कर्मों का उदय निश्चित है, व्यक्ति को अपना आचरण, व्यवहार सुधारना चाहिए, नियमों का पालन ईमानदारी से करना चाहिए, धर्म से जुड़कर अपने पुण्य को प्रबल बनाना चाहिए। जिससे आप आपका परिवार खुशहाल रह सके।

कैदियों से रूबरू होते हुए जैन संत ने उनके लिए विशेष रूप से कुछ धार्मिक पुस्तकें जेल प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध कराते हुए निवेदन किया कि आज से आपके सम्मुख कोई भी व्यक्ति उपस्थित हो, तो यह सोचना कि हे परमात्मा इनका भी भला हो, इनको भी सम्मान मिले, आज की सभा में उपस्थित कैदियों द्वारा सरल, शांति पूर्वक श्रवण की अनुमोदना करते हुए साधुवाद दिया। प्रस्थान पूर्व जैन संत ने जेल प्रबंधन से भी मुलाकात करते हुए कैदियों के विषय में उनको नियंत्रण करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यकम में जैन समाज के बाबूलाल ढेलडिया, विकाश भंसाली, प्रदीप, खुश चोरड़िया, शुभम नाहटा, यश मालू उपस्थित थे। जैन श्री संघ, जैन चतुर्मास समिति ने जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन एवं विशेष रूप से जेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए जेलर शोभा रानी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मड़ियापार में धूमधाम से मनाई गई गोपाष्टमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शनिवार को ग्राम मड़ियापार में भेंट गोवर्धन पर्वत में गोपाष्टमी के अवसर पर पूजा अर्चना की गई। ग्रामीणों ने सुबह 10 बजे भेंट गोवर्धन पर्वत में पूजा अर्चना कर गौ माता को सोहई बांधी। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। शाम 4 बजे ग्राम निनवा तिल्दा रायपुर के कलाकार दुर्गा साहू द्वारा पंडवानी प्रस्तुति दी गई, जो शाम 7 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर गांव में मेला मड़ई जैसा माहौल था। ग्राम में श्री भेंट गोवर्धन पर्वत की चौथी वर्षगांठ मनाई गई। श्री भेंट गोवर्धन पर्वत की स्थापना गायों के संरक्षण एवं गाय पालने की प्रेरणा के लिए की गई।

इस अवसर पर जनपद सदस्य ममता चंद्राकर, सरोज साहू सरपंच, गोवर्धन पर्वत के अध्यक्ष आशीष शुक्ला, अश्वनी कुमार मकसूदन, कल्याण साहू, संतोष यादव, जगदीश साहू, केदार ठाकुर, शिवराम शुक्ला, राकेश शुक्ला, संजय मिश्रा, आलोक शुक्ला, योगेन्द्र मिश्रा, अंशुल, मयंक, विशु गुरु, नमामि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# अंतिम प्रकाशन के पहले ही विस के वोटरों के सूची से कट गए नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव के अंतिम प्रकाशन करने से पहले थोक में राजनीति दलों ने आपत्तियां लगा दी हैं। राजनीतिक दल विधानसभा में वोटिंग करने वाले वोटरों का नाम कांटने से खपा हो गए हैं। जिसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से भी की गई हैं। बहरहाल नगरीय निकाय के साठ वार्डो में करीब 1238 नामों के कांटे जाने की जानकारी सामने आने हैं, नेताओं के अनुसार इनके द्वारा लगाए गए आवेदन को भी खारिज कर दिया गया हैं।

जानकारी अनुसार कई ऐसे वोटर है, जिन्होने विधानसभा चुनाव में वोटिंग किया है। लेकिन लोकसभा चुनाव में तकनीकि कारण से नाम हट गए हैं। इसे राजनीतिक दलों आयोग की गलती से नाम हटना बताया है। उन्होने नगरीय निकाय में वोटिंग करने निर्धारित प्रारूप के तहत आवेदन भी किया था। लेकिन आयोग द्वारा यह कहकर नाम निरस्त कर दिया गया है कि, इनका नाम लोकसभा की मतदाता सूची में शामिल नही था। नगरनिगम के चुनाव टीम के सदस्य दिनेश देवांगन का कहना है कि, लोकसभा में आयोग की गलती के कारण नाम कट गया था। जिसे आधार बनाना गलत हैं। उल्लेखनीय हैं कि,



आगामी नगरीय निकाय चुनाव हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 15 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक दावा आपत्ति मंगाने सभी मतदान केंद्रों में शिविर लगाया गया था। जिसमे प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा नाम नए जोड़ने काटने विलोपन तथा संशोधन हेतु आवेदन लिया गया है, जिसमे पूरे शहर के 60 वार्डो से नए नाम जोड़ने हेतु कुल 1236 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसके अधिकांश आवेदन को जांचकर्ता स्थानीय निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा आवेदन निरस्त किया जा रहा है और उनका कारण यह बताया जा रहा है कि, उनका नाम लोकसभा चुनाव के तहत 8 फरवरी 2024 को प्रकाशित की गई मतदाता सूची में पूर्व से दर्ज नही हैं। अभी निकाय के प्रकाशित मतदाता सूची में भी दर्ज नही दिखा रहा हैं।

### नए वोटरों ने भी लगाई अर्जी


निकाय चुनाव में बडी संख्या में नए युवा वोटरों ने भी रूचि दिखाई हैं। ऐसे लोगों ने भी मतदान केंद्र में अपना नाम जुड़वाने आवदेन किए है, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 पूर्ण कर लिए है या उससे अधिक कि आयु हो गई है। किसी कारण वश लोकसभा या विधान सभा चुनाव में नाम नही जुड़वा पाए थे। लेकिन दलों द्वारा आपत्ति इस बात की जताई गई है कि, कई ऐसे मतदाता भी है, जो विधान सभा चुनाव में वोट डाला था, किंतु लोकसभा चुनाव के मतदाता सूची में उनका आयोग की गलती की वजह से विलोपित हो गया था। जबकि उनके सभी परिजन का नाम भी दर्ज हैं, ऐसे मतदाताओं ने भी फार्म क 1 में आवेदन किया है। ऐसे सभी आवेदको का आवेदन स्थानीय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के नियम को आधार बनाकर सभी आवेदन निरस्त किया जा रहा है। जिसके चलते कुल आवेदन के 95 प्रतिशत आवेदन निरस्त किया जा रहा है।

# पोस्टमैन घर पहुंचकर बनाएंगे डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पेंशधारियों को राहत देने के लिए डाक विभाग द्वारा अब घर पहुंच जीवित प्रमाण पत्र की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए दुर्ग संभाग के अंतर्गत प्रमुख डाकघरों में पेंशनभोगियों को सेवा प्रदान करने हेतुडिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। इसकी सुविधा सभी पेंशनधारियों को मिलेगा।

जानकारी अनुसार डाकघर के पेंशनधारियों को 35 और दूसरे बैंक के पेंशनधारियों को सत्तर रूपए में प्रमाण पत्र बनाकर दिया जाएगा। अगर बुजूर्ग डाकघर तक नही पहुंच सकते तो वे पोस्टमेन से संपर्क कर घर में ही इसे बना सकेगें। पेंशनभोगियों डाकघर की इस सेवा का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने नजदीकी डाकघर



अथवा अपने क्षेत्र के पोस्टमेन से भी जानकारी ले सकते हैं। जानकारी अनुसार समाज कल्याण विभाग में ही 96 हजार से अधिक पेंशनधारी है, जिन्हें पेंशन के लिए हर साल प्रमाण पत्र बनाना जरूरी रहता हैं। अब इसे डिजिटल तरीके बनाया जाएगा।

### हर साल कराने होंगे नवीनीकरण

डाकघर के अधिकारियों ने बताया कि, जीवित प्रमाण पत्र का नवीनीकरण हर साल कराना होगा। क्योकि पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लिए प्रमाण पत्र देना जरूरी होता हैं। ऐसे में यह डिजीटल प्रमाण पत्र बनते ही अन्य खातों में स्वमेय यह लिंक हो जाएगा। ऐसे में बार-बार बुजूर्गो को प्रमाण पत्र देने की जरूरत नही पडेगी।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

श्री श्रेयन आयुर्वेद
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# एम्स सहित दूसरे राज्यों के छात्रों नहीं मिलेगी आरक्षित सीटें लेकिन यूआर कोटे के लिए पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स सहित दूसरे राज्यों के छात्रों को स्टेट कोटे से आरक्षित वर्ग की सीटों का आवंटन नहीं किया जाएगा, लेकिन वे यूआर कोटे की सीटों के लिए पात्र हो सकते हैं। यानी एम्स के अभ्यर्थी को सीट मिलने पर अनारक्षित वर्ग की सीटें कम हो जाएंगी।

■ सीजी डाक्टर फेडरेशन के सवाल पर स्वास्थ्य संचालनालय का जवाब

एम्स के छात्रों को राज्य कोटे की एमडी-एमएस की सीट अलॉट किए जाने के विरोध के दौरान छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन द्वारा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से इस मामले में कुछ जानकारी मांगी गई थी, जिस पर मिले जवाब के हिसाब से एम्स अथवा दूसरे राज्य के छात्र, जिन्होंने छत्तीसगढ़ से एमबीबीएस किया है, उसे अनारक्षित वर्ग की सीटों के



लिए पात्र माना जाएगा। ऐसे छात्र राज्य कोटे की पचास फीसदी सीट पर एसटी, एससी, ओबीसी, ईडब्लूएस श्रेणी की सीटों के लिए पात्र नहीं होंगे। सूत्रों का कहना है कि इस हिसाब से एम्स के विद्यार्थी को अगर राज्य कोटे की सीट का आवंटन होता है, तो इसका सीधा नुकसान अनारक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा। चिकित्सक संगठन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह का कहना है कि इस मसले पर भी चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा जाएगा, क्योंकि इसका सीधा नुकसान प्रदेश के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा।

### राज्य की 281 सीटें

राज्य के नौ मेडिकल कालेज में राज्य कोटे की कुल 281 सीटें हैं। इनमें सबसे अधिक 72 सीट रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में है। तीन निजी मेडिकल कालेज में भी राज्य और प्रबंधन कोटे की 160 और एनआरआई की 26 सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा। पिछले साल शासकीय कालेजों में पीजी सीटों की संख्या बढ़ाई गई थी। वर्तमान में एमडी-एमएस की सीटों पर एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन का दौर चल रहा है, जिसकी अंतिम तारीख 12 नवंबर है। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा एडमिशन के लिए काउंसिलिंग शेड्यूल के हिसाब से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य में कोरोना महामारी के बाद से मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों पर एडमिशन की तारीख में काफी विलंब होने लगा है।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी वरिष्ठ क्रिकेट टीम की होगी चयन स्पर्धा आज

**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 26 से 30 नवम्बर तक बोकारो में एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में 11 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। इसमें बीएसपी की टीम का चयन किया जाएगा। चयन स्पर्धा में भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित कार्मिक खिलाड़ी भाग ले सकते है। भाग लेने के लिए 11 नवम्बर को दोपहर 1. 30 बजे से पूर्व बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में निम्न चयनकर्ताओं श्री देवेष बनर्जी तथा श्री मोहन दास के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### सूने मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि स्ट्रीट 21 वार्ड 18 कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी चैन सिंह साहू छावनी में ऑपरेटर काम करता है। 1 नवंबर को मकान में ताला जड़कर परिवार के साथ ग्राम चिचा अर्जुन्दा जिला बालोद दीपावली मनाने गए हपए थे। 7 नवंबर की पीड़ित अपने काम पर निकल गया। दूसरे दिन सुबह काम से लौटने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। आलमारी के भीतर से अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात नगदी दो हजार गायब मिला।

### खो-खो स्पर्धा में बालिका टीम ने जीता रजत पदक

**भिलाई।** बीएसपी की खो-खो बालिका टीम ने 10 वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ और जिला एमेच्योर खो-खो संघ, राजनांदगांव द्वारा 5 से 7 नवंबर तक लाटमेटा, जिला राजनांदगांव में आयोजित की गई थी। बीएसपी टीम ने सेमीफाइनल में बिलासपुर की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दुर्ग जिले की टीम से कड़े मुकाबले के बाद 2 अंकों से हार का सामना करते हुए उपविजेता का खिताब प्राप्त किया।बीएसपी टीम की खिलाड़ी कुमारी झमीता साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। टीम का नेतृत्व कप्तान कुमारी अनुराधा सिंह ने किया और झमीता साहू, नम्रता यादव, सिमरन देशलहरा, युक्ता सिंह, रोशनी, अनादिता, खुशबू, उर्मिला, गिरिजा, खुशी सूर्यवंशी, और क्रिनशी गजपाल ने मिलकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम के कोच सिकंदर भारती और प्रबंधक कुसुम मांझी थे।

## निधन

### सहिबिन बाई बनपेला



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह निवासी सहिबिन बाई बनपेला का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मीना बाई बनपेला की सास, कौशिल्या बनपेला की दादी, केंवरा बाई की मां व हेमलाल की सास थीं।

पर्व : रविवार को पारंपरिक रूप में श्रद्धा के साथ मनाई गई आंवला नवमी

# आंवला पेड़ की पूजा कर उसके नीचे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रविवार को आंवला नवमी पारंपरिक रूप में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महिलाओं ने आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना की। इसी के साथ भगवान विष्णु की भी विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और व्रत रखा गया। आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहते हैं, इस दिन आंवले के वृक्ष और भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ में भगवान विष्णु का वास होता है और कार्तिक पूर्णिमा तक उसमें श्रीहरि का वास रहता है। माना जाता है कि आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ से अमृत की बूंदें गिरती हैं और इन बूंदों का लाभ लेने के लिए लोग इस रविवार को आंवला के पेड़ की पूजा-अर्चना कर उसके नीचे प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण करते हैं।

जानकारों के अनुसार आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु और आंवले के वृक्ष की पूजा का खास महत्व है। मान्यता है कि इस दिन दान आदि करने से पुण्य का फल इस जन्म में तो मिलता ही है, साथ ही अगले जन्म में भी मिलता है। यह भी माना जाता है कि अक्षय नवमी के दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने से व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है।

### आंवले के पेड़ की पूजा कर मांगी सुख-समृद्धि





**दल्लीराजहरा।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में आंवला नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना की और सामूहिक रूप से धार्मिक अनुष्ठान किए। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार, आंवला नवमी का पर्व भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्ति के लिए मनाया जाता है। जैन और मित्तल परिवार की महिलाओं और बच्चों ने सुबह से ही आंवले के वृक्ष के चारों ओर प्रदक्षिणा की, भजन-कीर्तन किए और धार्मिक कथा सुनी। इसके बाद सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें परिजनों और मित्रों ने एक साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि हिंदू धर्म में अक्षय नवमी का विशेष महत्व है। इस दिन को आंवला नवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और आंवले के पेड़ के नीचे पूजा करते हैं। अक्षय नवमी का अर्थ अक्षय तृतीया के समान ही है। इस दिन कोई नया काम भी शुरू कर सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि यदि कोई व्यक्ति अक्षय नवमी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करता है, तो उसे अनंत फल की प्राप्ति होती है। अक्षय नवमी का व्रत हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है।




## प्रशिक्षण पूर्ण कर गृहग्राम लौटे बीएसएफ जवान डॉ योगेंद्र का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तिरंगा ग्रुप द्वारा मुखर्जी भवन गुण्डरदेही में बीएसएफ जवान डॉक्टर योगेंद्र कुमार सिन्हा कलंगपुर के प्रशिक्षण पूर्ण कर गृह ग्राम लौटने पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रमोद कुमार जैन, विनय बंजारे, केशव राम साहू, दिलीप कुल्हारे, मोजी राम साहू, गोविंद सिन्हा, बाबूलाल सिन्हा, कुशलराम साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम देश प्रेम की भावना से वातावरण ओत प्रोत रहा। वंदे मातरम एवं भारत माता की जय के साथ सभा गुंजायमान होती रही। उनकी प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर एवं ज्ञान दीप में हुई थी, जिसके संस्था प्रभारी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे साहित्यकार केशव राम साहू ने देशभक्ति बलिदानी पंक्तियों से सरहद पर देश की सीमा की सुरक्षा में तैनात सैनिकों के सम्मान का भाव जागृत किया।

कार्यक्रम में सरपंच पुष्पा सिन्हा, खुशाली सिन्हा, लिलार सिन्हा, अरुण कुमार साहू, दिलीप कुमार, पेमन साहू, टोमन लाल, डोमर सिंह, रोशन लाल, प्रेमेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंडा में श्री शिव महापुराण कथा के दौरान श्रद्धालुओं को किया रुद्राक्ष का वितरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंडा में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के सप्तम विश्राम दिवस पर पंडित सौरभ शर्मा ने द्वादश ज्योर्तिलिंग की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान महादेव के ज्योर्तिलिंग दर्शन मात्र से ही शिव लोक की प्रप्ति हो है। महाकाल की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि महाकाल के अधीन काल है। मृत्यु का भय महाकाल के भक्तों को नहीं हो सकता। पंडित सौरभ शर्मा ने कहा कि शिव मंदिर से पूजा करके लौट रहे व्यक्ति के दर्शन मात्र से ही हमारे सभी पाप क्षय हो जाते हैं। शिव जी के रुद्राक्ष की कथा बताते हुए उन्होंने कहा कि माता सती से जब वियोग के कारण महादेव के स्मरण से जो अक्ष गिरा, वही रुद्राक्ष बना। जो जीव रुद्राक्ष धारण करता है, वह सांसारिक सभी तापों से मुक्त रहकर शिव लोक को प्राप्त करता है। कथा वाचक ने बेलपत्र की दिव्य महिमा बताई।

कार्यक्रम के दौरान बेल के 51 बेल पौधों का वितरण किया गया। इसके साथ ही सभी श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष वितरित किया गया। कथावाचक पंडित सौरभ ने कहा कि कथा सोमवार को प्रारंभ हुई, जो शिव का प्रिय दिन है, इसी बीच गोपाष्टमी और आंवला नवमी भी पड़ी, अर्थात हर प्रकार का संयोग हुआ है।

## कलेक्टर से शिकायत के बाद भी नहीं की गई डीएमएफ से किए गए कार्यों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघोला के आश्रित ग्राम सुकड़ीगहन में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से बांस हस्तकला व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं केंद्र की स्थापना कार्य में भारी गड़बड़ी की कलेक्टर से लिखित शिकायत के 15 माह बाद भी कोई कार्यवाही नहीं नजर नहीं आ रही है।

20 जुलाई 2023 को दिए गए आवेदन पर की गई जांच व कार्रवाई संबंधी जानकारी मांगे जाने के लिए सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगे जाने पर कलेक्टर द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास जिला बालोद के जनसूचना अधिकारी को संबंधित जानकारी आवेदन कर्ता को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। लेकिन, संबंधित विभाग ने 5 सितंबर 2024 को जारी पत्र में मांगी गई जानकारी से संबंधित अभिलेख इस कार्यालय में संधारित नहीं होने के कारण चाही गई जानकारी उपलब्ध करा पाने में असमर्थता जताते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। कुल मिलाकर जिला खनिज संस्थान न्यास के अधिकारी इस विषय में जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

- **पूर्व जनपद सदस्य अनिल ने लगाया जानबूझकर जांच नहीं कराने का आरोप**

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने इस मामले में कहा कि खनिज विभाग के अनुसार इससे संबंधित जानकारी उनके कार्यालय में नहीं है। इससे लगता है कि इस मामले में सभी तथ्यों को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी मामले की जांच ही नहीं करना चाहते, ताकि भ्रष्टाचार की पोल न खुल जाए। अनिल सुथार ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से ग्राम सुकड़ीगहन में आदिवासियों व बुनकर समिति के लिए बांस हस्तकला व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए 49.12 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। लेकिन, न ढंग से प्रशिक्षण दिया गया और न ही कोई कार्य आगे बढ़ा, लेकिन फर्जी बिल लगाकर राशि निकाल ली गई।

उन्होंने बताया कि 27 अगस्त 2024 को डोंडी विकासखंड के ग्राम पंचायत कुआगोंदी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में भी जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से डोंडी विकासखंड में हुए कार्यों में बरती गई अनियमिताओं की जांच कर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया था, किंतु आवेदन देने के ढाई माह बाद भी जांच नहीं हुई। श्री सुथार ने एक बार फिर डीएमएफ निधि से वर्ष 2019 से 2023 तक कराए गए कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस जांच से कोरबा जिले में हुए डीएमएफ घोटाला जैसे ही बड़े मामले का खुलासा हो सकता है।

## बूथ में चुनाव की तैयारी, शक्ति केन्द्रवार सहयोगी व सह सहयोगी की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- **मंडल चुनाव प्रभारी कृष्णकांत ने जारी की सूची**



प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष गुण्डरदेही मंडल चुनाव प्रभारी कृष्णकांत पवार ने मंडल के प्रत्येक बूथ में संगठन चुनाव संपन्न कराने की सूची जारी की। इसमें बुथ कमेटी गठन करने शक्ति केन्द्रवार सहयोगी व सह सहयोगी की नियुक्ति की गई है।

जारी की गई सूची के अनुसार शक्तिकेन्द्र बघमरा गुण्डरदेही में सहयोगी लेखराम साहू, सह सहयोगी टीकाराम निषाद, शक्तिकेन्द्र गुण्डरदेही में ठाकुरराम चन्द्राकर, चेतन सोनकर, शक्तिकेन्द्र गुण्डरदेही खेमलाल साहू, मुकेश साहू, शक्तिकेन्द्र रेगाकठेरा सौरभ चोपड़ा, पृथ्वी साहू, शक्तिकेन्द्र सिकोसा विनोद चंद्राकर, लेखराम साहू, शक्तिकेन्द्र पैरी दोषण साहू, प्रकाश सिन्हा, शक्तिकेन्द्र बिरेतरा हरीश निषाद डा रिकेश साहू, माहुद बी भानुमति साहू, पारख साहू, शक्तिकेन्द्र पसौद टामेश्वर सिन्हा, चुरामन यादव, शक्तिकेन्द्र हल्दी मोहन जैन नोहरसाहू, शक्तिकेन्द्र सतमरा अशोक यादव, पन्नालाल साहू बनाए गए हैं।

इसी तरह शक्तिकेन्द्र मोखा देवनारायण सिन्हा ठंडेशवर साहू, शक्तिकेन्द्र रजोली संतोष नेताम, मिलन साहू, शक्तिकेन्द्र अचौद बीरेन्द्र साहू मोपेंद्र साहू, शक्तिकेन्द्र कलंगपुर प्रमोद जैन भीखाराम साहू, शक्तिकेन्द्र तवेरा सतीश महोबिया तेजराम साहू, शक्तिकेन्द्र किलेपार नविता साहू योगेश्वर, शक्तिकेन्द्र भाठागांव आर अश्वनी यादव, डां लक्ष्मीकांत साहू, शक्तिकेन्द्र तिलोदा चेतन साहू, ईश्वर यदु, शक्तिकेन्द्र राहुद नरेंद्र यादव तुलसी साहू, शक्तिकेन्द्र सिरएँ पुरुषोत्तम चंद्राकर श्रीकांत वर्मा, शक्तिकेन्द्र सिरसिदा इन्द्रपाल चन्द्राकर घनाराम साहू, शक्तिकेन्द्र सकरौद उमाशंकर ठाकुर संजु चन्द्राकर, शक्तिकेन्द्र कचांदुर थानसिंह मंडावी देवकुमार साहू, शक्तिकेन्द्र खप्परवाड़ा प्रमोद पटेल व भूपेंद्र निषाद को बनाए गए।

मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने बताया कि सोमवार 11 नवंबर को गुण्डरदेही भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित किया गया है, जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारियों को शामिल होने को कहा गया है।

## पेंशनर समाज की बैठक में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन पुरुर में जिलाध्यक्ष पेंशनर समाज बालोद जीके साहू के मुख्य आतिथ्य में हुई।

अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने कहा कि नवम्बर 2024 में जीवन प्रमाण पत्र संबंधित बैंक में उपस्थित होकर या ऑनलाइन भरना है। इसके लिए पीपीओ नम्बर, आधार कार्ड, पेंन कार्ड, बैंक पास बुक व पासपोर्ट फोटो की आवश्यकता होगी। जिला स्तरीय पेंशनर दिवस गुण्डरडीह तहसील में 17 दिसंबर के आस पास मनाया जाएगा। कार्यक्रम में 80 वर्षीय पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन से 4 प्रतिशत डीए का आदेश अक्टूबर 2024 से दिया जाना है, किंतु केंद्र सरकार से 3 प्रतिशत पीछे है, जिसे प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

नवीन सदस्य के रूप में भगवानी राम यादव ग्राम बोरतरा व सालिक राम नागवंशी ग्राम आनन्दपुर का अभिनन्दन किया गया। कोषाध्यक्ष सम्मेराम यादव ने आय–व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में भैयाराम देवानंद, पारसनाथ महेंद्र, के. मुरारीदास, महेंद्र कुमार सोनवानी, बालाराम सोनवानी, ज्ञानिकराम साहू, रेखराम वारदेय, सम्पतलाल कलिहारी, पूनुराम गुरुपंच, केआर. राजपुरिया सहित बड़ी संख्या में पेंशनर साथी उपस्थित थे।

**आनलाइन धोखेबाजों से किया गया सावधान**

संरक्षक नेमसिंह साहू ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष जीके साहू ने जिलास्तर के संगठन के लिए सहयोग की अपील की। पेंशनर भवन गुरुर को लम्बे समय तक के लिए किराए में नहीं देने का निर्णय लिया गया। उपाध्यक्ष मंतराम राजपुरिया ने पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के उपाय सुझाए। उन्होंने आनलाइन धोखेबाजों से बचने की सलाह दी। इस दौरान दिवंगत पेंशनर साथियों कमला देवदास गुरुर व कार्तिक राम नेताम नवागांव को श्रध्दांजलि अर्पित की गई। बैठक की कार्यवाही का संधारण सहसचिव रामकुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रकट गांधीराम साहू ने किया।

### मवेशियों का किया टिकाकरण

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल के निर्देश पर भिलाई 3 वार्ड शीतलापारा, महामायापारा बाजार चौक, शांति पारा में आवारा और घरेलू पशुओं को लॉपी बीमारी का टीकाकरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, वरुण यादव ने भिलाई 3 बाजार चौक में घूम रहे मवेशियों को देख कर लक्षण मिलने वाले मवेशियों का टिकाकरण किया। भिलाई तीन पशु चिकित्सक से मिलकर टीकारण के लिए बात किए डॉ ने अपने कर्मियों वीरेंद्र चंद्राकर और उत्तम साहू को भेजा। 60 मवेशियों का टीकाकरण किया गया। 12 नवंबर मंगलवार को भी टीकाकरण होना है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## गर्मी के मौसम में धान की जगह लें दलहन-तिलहन की फसल



**बालोद।** गर्मियों में धान की जगह कम पानी में होने वाली दलहन-तिलहन फसल लेने के लिए किसानों को ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह जागरूक कर रहे हैं। वे किसानों को बता रहे हैं कि गर्मियों में ऐसी फसलों को लेने से भू जलस्तर कम नहीं होगा। ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह अब जिले के किसानों से मिलकर गर्मियों में धान की जगह कम पानी में पैदा होने वाली अन्य दलहन-तिलहन फसलों को लेने के लिए जागरूक और प्रेरित कर रहें। इससे गर्मियों में जलसंकट जैसी परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उसके लिए ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह जिले के अलग–अलग गांवों में जा जाकर किसान भाईयों को को गर्मियों में अब धान की जगह कम पानी में होने वाले फसल जैसे गेहूं, चना, तिल, सरसों, अरहर, रहर जैसे दलहन तिलहन फसलों को लेने के लिए किसानों को जागरूक कर रहे हैं।

